प्रधानमंत्री ने एम्स, रेवाड़ी की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की मौजूदगी में **अखिल भारतीय आयुर्वज्ञिान संस्थान (AIIMS) रेवाड़ी** की आधारशिला रखी।

मुख्य बिंदु:

- समारोह के दौरान, पीएम ने विकसित भारत के विज़न पर प्रकाश डालते हुए वर्ष **2047 तक देश को आगे बढ़ाने** में स्वास्थ्य क्षेत्र के महत्त्व को रेखांकित किया।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY) के तहत हरियाणा के रेवाड़ी में एम्स की स्थापना को मंज़ूरी दे दी गई है।
    - PMSSY का लक्ष्य सस्ती और विश्वसनीय विशिष स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करना तथा देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिये सुविधाओं को बढ़ाना है।
    - PMSSY के तहत **22 नए एम्स की स्थापना को मंज़ूरी दी गई है**। इनमें से 15 एम्स को वर्ष 2014 से मंज़ूरी दी गई है।
- यह नया एम्स हरियाणा के रेवाड़ी ज़िले के माजरा **मस्तिल भालखी गाँव में 203 एकड़ भूमि पर 1650 करोड़ रुपए की लागत से** विकसित किया जा रहा है।

विज़न इंडिया@2047

- विज़न इंडिया@2047 **अगले 25 वर्षों में भारत के विकास का एक खाका या ब्लूप्रिंट तैयार करने** के लिये भारत के शीर्ष नीतिथिंक टैंक नीति आयोग द्वारा शुरू की गई एक परियोजना है।
- परियोजना का लक्ष्य भारत को **नवाचार एवं प्रौद्योगिकी** में वैश्विक अग्रणी देश बनाना है जो **मानव विकास एवं सामाजिक कल्याण** के मामले में भी एक मॉडल देश होगा और **पर्यावरणीय संवहनीयता** का प्रबल पक्षसमर्थक होगा।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

- इसकी **घोषणा वर्ष 2003** में किफायती/विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करने और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिये सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी।
- नोडल मंत्रालय **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय है।**
- इसके दो घटक हैं:
    - **एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना** करना।
    - विभिन्न राज्यों में **सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन करना।**
        - प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के उन्नयन की लागत **केंद्र और राज्य दोनों द्वारा वहन की जाती है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-lays-foundation-stone-of-aiims-rewari